Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take measures for construction of bridge of Chhatauni- Belsand road in Sheohar Parliamentary Constituency.-laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर):मैं सरकार का ध्यान अपने शिवहर संसदीय क्षेत्र के सीतामढ़ी जिला अंतर्गत छतौनी-बेलसंड पथ के 5वें किलोमीटर पर अवस्थित ध्वस्त पुल की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। ज्ञात हो कि छतौनी-बेलसंड पथ बेलसंड अनुमंडल को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है जो बिहार में वर्ष 2017 में आयी भीषण बाढ़ में ध्वस्त हो चुकी है। वर्ष 2017 से ही यहाँ से डायवर्सन से आवागमन चल रहा है जो वर्षा के दिनों में अवरुद्ध हो जाता है। यहाँ के लोगों के लिए अनुमंडल मुख्यालय जाने की यही एकमात्र मुख्य सड़क है जिसके अवरुद्ध होने से आम लोगों को काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पथ निर्माण विभाग के इस महत्वपूर्ण पुल का एस्टीमेट लगभग 14 करोड़ रुपये है। मेरे बार-बार अनुरोध के बावजूद अभी तक इसके निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा नहीं मिल पायी है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में सीतामढ़ी जिला अंतर्गत छतौनी-बेलसंड पथ के 5वें किलोमीटर पर अवस्थित ध्वस्त पुल के शीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये जिससे कि यहाँ से आवागमन सुविधाजनक हो सके।